# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (12.05.2025)**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 12.05.2025, PAGE-04

### बीआरएबीयू प्रशासन ने परीक्षा बोर्ड से पास होने पर लिया फैसला

# अब डीन की देखरेख में पीजी कॉपियों की जांच

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरए बिहार विवि में अब डीन की देखरेख में पीजी की कॉपियों की जांच होगी। तैयारी विवि प्रशासन कर रहा है। हालांकि, विवि की ओर से इस बारे में अभी कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई है।

बीआरएबीयू में पीजी परीक्षा की कॉपियां का मूल्यांकन अब तक विभागाध्यक्ष की देखरेख में होता था। लेकिन, पिछली कुछ परीक्षाओं से एक और दो नंबर से छात्रों के फेल होने और उनके हंगामा करने के बाद विवि प्रशासन पीजी की कॉपियों का मूल्यांकन डीन की देखरेख कराने पर विचार कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि पीजी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा से ही नई व्यवस्था को लागू किया जा सकता है। विवि प्रशासन ने कॉपियों की जांच में हेड एग्जामनर रखने का भी निर्णय किया है। परीक्षा बोर्ड से पास होने के बाद यह फैसला किया गया है।

**पीजी परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख नहीं हुई वापस:** बीआरए बिहार विवि में पीजी प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024-26 का परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख को वापस नहीं लिया गया है। इसको लेकर जारी पत्र के अब तक वापस नहीं होने से कई विभाग असमंजस में हैं। परीक्षा विभाग ने पिछले दिनों 30 अप्रैल से पीजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख जारी की थी। जबकि पीजी की कक्षाएं 16 अप्रैल से ही शुरू हुई थीं और अब तक सभी छात्रों का रजिस्ट्रेशन भी नहीं हो सका है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 13 मई है। विभागों का कहना है कि परीक्षा फॉर्म को तो अब तक पोर्टल पर जारी नहीं किया गया है, लेकिन जो पत्र जारी किया गया था उसे वापस लेने का को आदेश अब तक जारी नहीं हो सका है। कक्षा शुरू होने के 15 दिन बाद ही परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख जारी कर देने से कई छात्र संगठनों ने विरोध किया था। परीक्षा विभाग ने कहा था कि पत्र को वापस ले लिया जाएगा। लेकिन, अब तक आदेश जारी नहीं किया गया।



- अब तक विभागाध्यक्ष की देखरेख में किया जाता था कॉपियों का मूल्यांकन
- पीजी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा से ही नई व्यवस्था के लागू होने की उम्मीद

### 75 कॉलेजों ने विवि में नहीं जमा की एडमिट कार्ड की राशि

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में हो रही स्नातक पार्ट-2 की विशेष परीक्षा को लेकर रविवार तक सिर्फ 40 कॉलेजों ने ही एडमिट कार्ड की राशि जमा की है। पार्ट-2 की परीक्षा में 115 कॉलेजों के 21 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। एडमिट कार्ड की राशि विवि मे नहीं जमा करने पर परीक्षा विभाग ने पत्र जारी किया है। परीक्षा विभाग की तरफ से जारी पत्र में कहा गया है कि स्नातक पार्ट-2 की विशेष परीक्षा 16 मई से होनी है। लेकिन, अब तक सिर्फ 40 कॉलेजों ही ही एडमिट कार्ड की राशि जमा की है। बाकी के कॉलेजों ने राशि नहीं भेजी है। जिन कॉलेजों से राशि नही आई उनके छात्रों का एडमिट कार्ड राशि जमा होने के बाद ही जारी किया जाएगा। बीआरएबीयू मे एडमिट कार्ड की राशि जमा नहीं करने का खेल पिछले दिनों रजिस्ट्रार प्रो. संजय कुमार ने जांच में पकड़ा था।